>

Title:Need to provide adequate compensation to people displaced due to mining activities of Northern Coalfields Limited in Robertsganj Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

श्री पकौड़ी लाल (रॉबर्ट्सगंज): मेरा संसदीय क्षेत्र रार्बर्टसगंज, जनपद सोनभद्र, उत्तर प्रदेश आदिवासी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति बाहुल्य एवं अति नक्सल प्रभावित क्षेत्र है, जहां पर बारह महीनों गरीबी व भुखमरी रहती है। एन.सी.एल. सिंगरौली (म0 प्र0) की मेरे क्षेत्र में ककरी, बीना, खड़िया, दुद्धीचुआ परियोजना के नाम से स्थापित है, जिससे सैकड़ों फीट गहरा खोदकर कोयला निकाला जा रहा है। वहां पर सदियों से बसे लोगों को उजाड़ दिया गया है। उनको न तो नौकरी में रखा जा रहा है और न ही मजदूरी पर लगाया गया है। कंपनी के रवैये से वहां के मूल निवासी, आदिवासी दुखी हैं तथा आक्रोशित हैं। आज भी यह प्रक्रिया जारी है।

मैं सरकार से मांग करता हूँ कि एन.सी.एल. द्वारा ऐसे व्यक्तियों को मुआवजा दिया जाये, नौकरी दी जाये, बिजली, पानी, मकान, स्कूल आदि जो सुविधा सरकार व कंपनी द्वारा तय किया गया है, वह सब दिलाया जाये ताकि वहां के मूल निवासी, आदिवासियों में संतोष व उत्साह का संचार हो सके।